




साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 1 | अंक : 27 गोंदिया : गुरुवार, 11 फरवरी 2021 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

### गोंदिया शासकीय मेडिकल कॉलेज में नियमों को ताक पर रखकर

## ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण, भविष्य में गंभीर हादसों की संभावना



**नवीन अग्रवाल –** शासकीय मेडिकल कॉलेज गोंदिया में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे रहा है। उपरोक्त प्लांट गोंदिया शासकीय जिला चिकित्सालय की इमारत में चल रहे मेडिकल कॉलेज इमारत के बीचोबीच निर्माण हो रहा है। जिससे भविष्य में कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है। इमारत परिसर से सौ से दो सौ मीटर के अंतर पर ३ स्कूल, जिसमे एस.एस. गर्ल्स कॉलेज, नगर परिषद एस.एस. गर्ल्स हाईस्कूल, महावीर मारवाड़ी स्कूल , पेट्रोल पंप, नई प्रशासकीय इमारत व मुख्य बाजार परिसर होने के साथ ही कॉलेज में ४०० विद्यार्थी भी अध्ययन करते है तथा मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय की इमारत में सैकड़ों कर्मचारी के साथ ही प्रतिदिन ४०० से ५०० मरीज मौजूद रहते हैं। जिसके चलते कर्मचारियों में दबी आवाज में असंतोष निर्माण हो रहा है।

शासन के नियमानुसार किसी भी प्रकार का प्लांट लगाने के पूर्व इन बातो की निरीक्षण रिपोर्ट बनाई जाती है। लेकिन गोंदिया में लगने वाले प्लांट के लिए संबंधित विभाग द्वारा इस मामले की रिपोर्ट के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का खुलासा नहीं किया गया है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए ऑक्सीजन की आवश्यकता बता कर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जबकि वर्तमान समय में कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आ रही है। जिले में जब कोरोना चरम पर था तब २४ घंटों में १३० से १५० सिलेंडर की आवश्यकता होती थी। जबकि वर्तमान समय में २४ घंटों के दौरान ३० से ४० सिलेंडर (दो सौ से ढाई सो क्यूबिक मीटर) ही लग रहे हैं। जबकि प्लांट का निर्माण होने पर उसमें प्रतिदिन ४०० सिलेंडर (पच्चीस सौ से तीन हजार क्यूबिक मीटर) का उपयोग होना आवश्यक है।

**वर्तमान समय में १००० सिलेंडर उपलब्ध**

कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए करोड़ों रुपए की निधि से करीब १००० सिलेंडरों की खरीदी की गई थी। जिसमें करीब ७ हजार क्यूबिक मीटर ऑक्सीजन का स्टॉक रखा जा सकता है। लेकिन खरीदे गए सिलेंडरों को कबाड़ बनाकर शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाने के साथ ही कभी भी दुर्घटना का कारण बनने वाले ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

**प्लांट निर्माण के नियमों की हो जांच तब तक न हो निर्माण**

शासकीय मेडिकल कॉलेज में अदानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. फंड से ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण में नियमों की अनदेखी कर अनियमितता बरती जा रही है। इस कार्य को तत्काल रोक कर संपूर्ण नियमों की जांच कर मानक के अनुसार ही प्लांट का निर्माण होना चाहिए।

**प्लांट के स्थान का चयन गलत**

शासकीय मेडिकल कॉलेज में लगाए जा रहे ऑक्सीजन प्लांट के स्थान का चयन ही गलत किया गया है। उपरोक्त प्लांट का निर्माण इमारत के मध्य शुरु किया जा रहा है। जिससे हमेशा खतरा बना रहेगा। उपरोक्त प्लांट में लिक्विड ऑक्सीजन को गैस में परिवर्तित कर उपयोग में लाया जाता है। जिसके लिए २४ घंटे तकनीशियनों की आवश्यकता होती है। विशेष यह है कि निर्माण हो रहे टैंक की क्षमता के अनुरुप ही ऑक्सीजन का इस्तेमाल होना आवश्यक है। अन्यथा टैंक में लिक्विड भरा होने पर गैस बनने से कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस ओर भी प्रशासन द्वारा अनदेखी कर निर्माण किया जा रहा है। संबंधित तकनीशियनों द्वारा उचित रिपोर्ट दिये जाने पर ही प्लांट निर्माण होना चाहिए।

**अदानी के सी.एस.आर. फंड से मिली राशी का दुरुपयोग**

शासकीय मेडिकल कॉलेज में लगने वाला ऑक्सीजन प्लांट के लिये अदानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. फंड से धन प्राप्त हुआ है। विशेष यह है कि प्लांट की जितनी आवश्यकता नहीं है उतनी मेडिकल कॉलेज के अन्य सामग्री व व्यवस्थाओं की कमियों को दूर कर इस फंड का सदुपयोग किया जा सकता था। लेकिन प्लांट लगाने से किस का लाभ होगा, किसको हानि इस पर विचार न करते हुये फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है।

**नियमों का पालन कर हो रहा निर्माण**

शासकीय मेडिकल कॉलेज में शासन के दिशानिर्देशों के अनुसार ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों व जिला चिकित्सालयों में प्लांट लगाए जा रहे हैं। जिसके लिए मुंबई के पेट्रोलियम विस्फोटक विभाग व संबंधित विभागों का ना हरकत प्रमाणपत्र मिलने पर ही प्लांट शुरु होगा।

**– नरेश तिरपुड़े,**
डीन, शासकीय मेडिकल कॉलेज गोंदिया

**ना हरकत प्रमाणपत्र नहीं**

मेडिकल कॉलेज में निर्माण किए जा रहे हैं ऑक्सीजन प्लांट के लिए कुछ संबंधित विभागों व नागरिकों के ना हरकत प्रमाणपत्र होना चाहिए। जिसमें मुख्य रुप से स्थानीय प्रशासन नगर परिषद, हॉस्पिटल की इमारत से लगे शालाओं व नागरिकों के साथ कुछ ही दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प संचालकों तथा प्रशासकीय इमारत के वरिष्ठ अधिकारी से इसके लिए ना हरकत प्रमाणपत्र लेना आवश्यक है। लेकिन अब तक इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की कार्यवाही हुई या नहीं इस पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है।

## स्व.मनोहरभाई पटेल के शिक्षा व सामाजिक कार्य प्रेरणादायी -राज्यपाल कोश्यारी

### गोंदिया–भंडारा जिले के मेद्यावी विद्यार्थियों का किया सत्कार



गोंदिया-भंडारा जिले के जननेता स्व. मनोहरभाई पटेल की ९ फरवरी को ११५ वी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंग कोश्यारी ने कहा कि स्व. मनोहरभाई पटेल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र व सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्य प्रेरणादायी हैं। आगे उन्होंने कहा कि अत्यंत प्रतिकुल परिस्थति में भी गोंदिया शिक्षण संस्था का निर्माण कर उसके माध्यम से शिक्षा का प्रसार करने का कार्य श्री पटेल ने किया है। उनके द्वारा लगाया गया छोटा सा पौधा आज वटवृक्ष का आकार ले चुका है। जिसके माध्यम से यूवा पिढ़ी को अच्छे संस्कार व शिक्षा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि आज मात्रशक्ती का उल्लेख करना जरुरी है। महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति का शिकार प्राप्त किया है। जिसका उदाहरण आज स्वर्ण पदक प्राप्त करनेवालो में लड़कियों की संख्या अधिक है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी अपने कर्तव्यों का पालन कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनिय कार्य कर रही है, यह सब शिक्षा की क्रांति से ही संभाव हो पाया है। आज मनोहरभाई के कार्यों को सामने रखकर सभी ने शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनिय कार्य करना चाहिए जिससे देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होंगा। इस



अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष तथा सांसद प्रफुलभाई पटेल ने अपने प्रास्ताविक में कहा कि गोंदिया-भंडारा जिले में शिक्षा के लिए एक मात्र ही हाईस्कूल थी। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही थी। जिसके चलते मनोहरभाई पटेल ने एक ही दिन में २२ हाईस्स्कूल ही स्थापना कर शुरु किया। जिससे सामान्य व गरीब परिवार के विद्यार्थिंयों को शिक्षा की सूविधा प्राप्त हुई। आज गोंदिया शिक्षण संस्था के माध्यम से गोंदिया-भंडारा जिले में शिक्षा की क्रांति आई है। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर गोंदिया व भंडारा जिले के मेद्यावी विद्यार्थियों को राज्यपाल के हस्ते स्वर्ण पदक प्रदान किए गए तथा कोरोनाकाल में ८ माह निरंतर होम्योपेथि चिकित्सा के माध्यम से कार्य करनेवाले चिकित्सक डॉ. रोशन कानतोड़े को भी विशेष गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर एनएमडी कॉलेज परिसर में आयोजित कृषि उपज व हस्तकला प्रदर्शनी को राज्यपाल ने भेंट दी तथा एनएमडी महाविद्यालय की रसायन शास्त्र प्रयोगशाला का भी उद्घाटन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रुप में पूर्व विधायक हरीहरभाई पटेल, विधायक अभिजीत वंजारी, विधायक विनोद अग्रवाल, सहषराम कोरोटे, विजय रहांगडाले, राजु कारेमोरे, नरेंद्र भोंडेकर, पूर्व सांसद खुशाल बोपचे, नामदेव उसेंडी, मधुकर कुकडे, बंडु सावरबांधे सहित बड़ी संख्या में गोंदिया-भंडारा जिले के जनप्रतिनिधि, नागरिक व विद्यार्थियों के पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने किया।

## २८ फरवरी तक बढ़ा लॉकडाऊन

**गोंदिया–** कोरोना महामारी का संक्रमण रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय योजना का एक भाग यानी लॉकडाऊन को २८ फरवरी तक बढ़ाया गया है तथा इसे जिले में लागु किया जाएगा। राज्य में ३१ जनवरी को लॉकडाऊन के संदर्भ में मार्गदर्शक सूचना जाहिर की गई। जिसके तहत जिले में आदेश जारी किया गया है।

राज्य शासन द्वारा लॉकडाऊन की अवधि ३१ जनवरी से बढ़ाकर २८ फरवरी कर दी गई है। इस पर प्रतिबंधात्मक उपाय योजना भाग एक जिलाधिकारी व जिला आपत्ती व्यवस्थापन प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक कुमार मीना के आदेशानुसार जिले में लॉकडाऊन की अवधि को बढ़ाया गया। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित व्यक्ती के खिलाफ साथरोग प्रतिबंधक कानून १८९७ आपत्ती व्यवस्थान अधिनियम २००५ तथा भारतीय दंड संहिता १८६० के तहत कार्यवाई की जाएगी। इस दौरान बेवजह बाजार परिसर में भीड़ बढ़ाने वाले, चौक में बेवजह एकत्रित होकर बैठने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही करने पर व मास्क का उपयोग नही किए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई कर १०० रुपए जुर्माना वसूलने का आदेश जिला आपत्ती व्यवस्थापन प्राधिकरण के अध्यक्ष जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा ने दिया है।

## खरीदी-विक्री संस्था के संचालक मंडल पर करें कार्यवाई



### यशवंत परशुरामकर ने पत्रकार परिषद में संस्था पर लगाए आरोप

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव–** तहसील शेतकी खरीदी-विक्री संस्था द्वारा नियमबाहृय की गई सभासद की नियुक्ति के संदर्भ में जांच की गई है तथा उक्त संस्था की ओर से कॉम्लेक्स के निर्माण कार्य में भी भारी अनियमित्ताएं बरती गई। उसी प्रकार संस्था की ओर से की गई सभासद की नियुक्ति में १०८ सभासद किसान नही है। इस हेतु संचालक मंडल जवाबदार है। लेकिन इसके बावजूद भी कार्यवाई नही किए जाने का आरोप संस्था के पूर्व संचालक यशवंत परशुरामकर ने आयोजित पत्रकार परिषद में लगाया तथा आगे जानकारी देते हुए बताया कि समिति के सभासदों को किसान होना जरुरी है, लेकिन संचालक मंडल की ओर से अपने हित के लिए स्वंय के रिस्तेदारों व संबंधित लोगो को को सभासद बनाया। इस प्रकार के नियमबाहृय सभासदों की नियुक्ति किए जाने की शिकायत यशवंत परशुरामकर ने की थी। जिसपर संस्था के ४४१ सभासदों के रिकॉर्ड की जांच की गई जिसमें १०८ सभासदों का सातबारा संस्था के पास मौजुद नही होने की जानकारी सामने आई। संस्था की ओर से दुकान, गाले तथा कॉम्पलेक्स का कार्य किया गया है, जिसमें बड़े पैमाने पर संस्था मंडल की ओर से हेराफेरी की गई है तथा स्थानीय सहायक रजिस्ट्रार ने १४ फरवरी २०१९ को नियमों और शर्तों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संगठन को सूचित किया था। लेकिन फिर भी संगठन ने नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया और कुछ फर्जी सबूत भी संस्था द्वारा प्रस्तुत किए गए थे लेकिन इसे जांच अधिकारियों ने खारिज कर दिया। इस संदर्भ में संबंधित विभाग से जांच करने की मांग परशुरामकर ने आयोजित पत्रकार परिषद में की। कार्यवाई नही किए जाने पर आमरण उपोषण धरने में बैठने की चेतावनी दी गई।



## संपादकिय

# ग्लेशियर कर टूटना

उत्तराखंड के चमोली जिले में ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि नुकसान ज्यादा हुआ है। तबाही का समग्र आकलन आने वाले दिनों में होगा, लेकिन जो शुरुआती सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, उनसे पता चलता है कि सैकड़ों लोग लापता हो गए हैं। कितने बड़े इलाके को क्षति पहुंची है, इसका पता आने वाले एक-दो दिनों में ज्यादा बेहतर ढंग से चलेगा। इस हादसे के चलते अलकनंदा और धौली गंगा उफान पर हैं। पानी के तेज बहाव में मानव बस्तियों के बहने की आशंका है। जिन इलाकों पर असर पड़ सकता है, उन्हें खाली कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में मौसम प्रतिकूल नहीं रहेगा, लेकिन जो हादसा हो चुका है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। बड़ा सवाल है कि क्या मौसम विभाग ने इस हादसे की पूर्व सूचना दी थी। अगर ऐसे हादसों की पूर्व सूचना नहीं मिल सकती, तो फिर बचाव के उपाय क्या हैं? लोगों से सुरक्षित इलाकों में पहुंचने की अपील जारी है। इस आपदा में सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

प्रधानमंत्री अगर इस घटना की निगरानी कर रहे हैं, तो कोई आश्चर्य नहीं। सरकार की ओर से हर संभव मदद उन लोगों तक पहुंचनी चाहिए, जो इस हादसे से प्रभावित हैं। वैज्ञानिक इस हादसे की पड़ताल करेंगे, लेकिन इस हादसे से जुड़ी कुछ बातें बहुत स्पष्ट हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ऐसे प्राकृतिक हादसों की आशंका पहले भी जताई गई थी, लेकिन यह अपने आप में अचरज की बात है कि जाड़े के मौसम में ग्लेशियर टूटा है। जब पहाड़ों पर कड़ाके की ठंड पड़ रही है, बर्फबारी का आलम है, तब ग्लेशियर का टूटना किसी गंभीर संकट का संकेत है।

हमें इस दुखद घड़ी में फिर एक बार प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ पर विचार करना चाहिए। यह बार-बार कहा जाता रहा है कि धरती गर्म हो रही है। ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन हमें चुनौती दे रहा है। हिमालय को वैसे भी बहुत सुरक्षित पर्वतों में नहीं गिना जाता। पिछले दशकों में यहां ग्लेशियर तेजी से पिघलते चले जा रहे हैं। नदियों के अस्तित्व पर सवाल खड़े होने लगे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ग्लेशियर को पिघलने से रोकने के लिए जितनी कोशिश होनी चाहिए, नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं, पहाड़ों पर उत्खनन और कटाई का सिलसिला लगातार जारी है। पहाड़ों पर लगातार निर्माण और मूलभूत ढांचे, जैसे सड़क, सुविधा निर्माण से खतरा बढ़ता चला जा रहा है। बहुत दुर्गम जगहों पर मकान-भवन निर्माण से जोखिम का बढ़ना तय है। जब पहाड़ों पर सुविधा बढ़ रही है, तब वहां रहने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है।

हमने मैदानों का परिवेश बिगाड़ दिया है, तो लोग पहाड़ों पर बसने को लालायित हैं। इसका असर पहाड़ों पर साफ तौर पर दिखने लगा है। जहां पहाड़ों पर हरियाली हुआ करती थी, वहां कांक्रीट के जंगल नजर आने लगे हैं, नतीजा सामने है। समय-समय पर पहाड़ और ग्लेशियर हमें रुलाने लगे हैं। इस हादसे के बाद हमें विशेष रुप से पहाड़ों और प्रकृति के बारे में ईमानदारी से सोचने की शुरुआत करनी चाहिए। पर्यावरण रक्षा के नाम पर दिखावा अब छोड़ देना चाहिए। ग्लेशियर को बचाने के लिए जमीन पर उतर कर काम करना होगा, तभी हम ऐसे प्राकृतिक, लेकिन दर्दनाक हादसों से बचे रहेंगे।

## ब्रिटेन और ब्राजील में तेजी से फैल रहा कोरोना संक्रमण

# नागरिक करें स्वास्थ्य नियमों का पालन - मुख्यमंत्री ठाकरे

**मुंबई-** कोविड़-१९ महामारी के टीकाकरण का कार्य जोरों पर है, लेकिन ब्रिटेन और ब्राजील में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है तथा लोगो की बढ़ती मौत के मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य मंत्रिमंडल में कोरोना महामारी की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया तथा नागरिकों को पहले से भी ज्यादा सावधानी बरतने की की बात कही। वर्तमान समय में चीन से आये कोरोना वायरस के तीन अन्य प्रकार सामने आने से इसकी रोकथाम हेतु नागरिकों को और अधिक सतर्कता बरतते हुए स्वास्थ्य नियमों के पालन करने का अहवान भी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किया।




**दुसरे प्रकार में मृत्यु का प्रमाण अधिक**

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. प्रदिप व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि युके में २० जनवरी को एक ही दिन में १८२० लोगो की मृत्यु हुई तथा ब्राजील में प्रतिदिन १ हजार लोगो की मृत्यु हो रही है व ५० हजार से अधिक मरीज रोज मिल रहे है। जुन माह से लेकर जुलाई तक देश की समूह प्रतिकारक शक्ती से कोरोना के मामलों में कमी हो र ही थी कि इसी दौरान कोरोना का दुसरा नया प्रकार पाया गया जो कि ७० प्रतिशत और अधिक संक्रमण फैलाने की क्षमता वाला है। दुसरे प्रकार में ४० प्रतिशत तक मृत्यु हो सकती है।

३.५० लाख लोगो को लगा कोरोना का टीका- महाराष्ट्र में अबतक १८ लाख २ हजार कोव्हीशिल्ड व १ लाख ७० हजार ४०० कोव्हॅक्सिन इस तरह १९ लाख ७२ हजार ४०० टीके उपलब्ध है तथा अबतक ३ लाख ५४ हजार ६३३ लोगो को टीका लगाया गया है। उसी प्रकार ३ लाख ५१ हजार कोव्हीशिल्ड व ३ हजार ५४५ कोव्हॅक्सिन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। वहीं फ्रंटलाइन कर्मचारियों को भी टीके लगाने की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

महाराष्ट्र में मृत्यु दर हुई कम: नवंबर माह में राज्य की मृत्यु दर २.२६, दिसंबर १.९६ तथा जनवरी माह में अब तक १.६३ प्रतिशत मृत्यु दर दर्ज की गई है।

**कुछ जिलो में अधिक सावधानी बरतने की जरुरत**

कोरोना महामारी का संक्रमण भले ही कम हुआ हो लेकिन इसके बावजूद भी महाराष्ट्र के अमरावती, यवतमाल, अकोला, भंडारा, नंदुरबार, वर्धा, रत्नागिरी, गढ़चिरोली, नांदेड यहां हर सप्ताह मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है तथा जांच भी कम की गई जिसके चलते उक्त जिलों में और अधिक सतर्कता बरतने की जरुरत है। ऐसी जानकारी डॉ. प्रदिप व्यास ने दी।

## राशन कार्ड जांच अभियान के तहत


# २ लाख २३ हजार राशन कार्ड की होंगी जांच

गोंदिया- जिले में कुल २ लाख २३ हजार ४४७ राशन कार्ड धारकों का समावेश है। लेकिन वर्तमान में केवल ९५ प्रतिशत राशन कार्ड धारक नियमित रुप से अनाज उठा रहे हैं तथा शेष जिन ५ प्रतिशत धारकों द्वारा राशन दुकान से अनाज नही उठाया जा रहा है ऐसे राशन कार्ड धारकों की जांच की जाएगी। इस मुहिम अंतर्गत लगातार तीन महिनों से अनाज नही उठाने वाले तथा गांव में कई वर्षो से नहीं रहनेवाले राशन कार्ड धारकों का कार्ड रद्द किया जाएगा।

इस हेतु १ फरवरी से मुहिम की शुरुवात की जाएगी। उसी प्रकार राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ना आवश्यक है। लेकिन इसके बावजूद हजारों राशन कार्ड धारकों ने अपना कार्ड आधार से नहीं जोड़ा है। इस जांच अभियान मुहिम अंतर्गत हजारों राशन कार्ड रद्द होने की आशंका संबंधित विभाग द्वारा जताई गई है। जिसके चलते राशन कार्ड धारकों को चिंता में देखा जा रहा है।

**इन दस्तावेजों का होना अनिवार्य**

निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, गांव की मतदाता सूचि में नाम, ग्राम पंचायत प्रमाणपत्र, मालमत्ता कर कॉपी, केवायसी किए गए प्रमाणपत्र आदि दस्तावेजों का होना राशन कार्ड धारकों के लिए अनिवार्य है।




**इन कारणों से रद्द होंगा राशन कार्ड**

मृत राशन कार्ड धारक, गांव में नहीं रहनेवाले राशन कार्ड धारक, केवायसी नही हुए राशन कार्ड धारकों व फर्जी राशन कार्ड धारकों सहित अपना राशन नही उठा रहे राशन कार्डो को रद्द कर दिया जाएगा।

**की जाएगी जांच**

जिले में कुल २ लाख २३ हजार राशन कार्ड धारक है। जिसमें ९५ प्रतिशत राशन कार्ड धारकों द्वारा ही नियमित रुप से राशन उठाया जा रहा है, तथा बचे ५ प्रतिशत राशन कार्ड धारक अपना राशन नहीं उठा रहे हैं। जिसके कारण उपरोक्त राशन कार्ड धारक गांव में है या नही तथा इनके द्वारा राशन नही लिए जाने के संदर्भ में जांच की जाएगी।

– **देवचंद्र वानखेडे,** जिला पुरवठा अधिकारी

# मुख्य १२ आसन

**योगाचार्य नरेन्द्र आर्य**



### गोमुखासन



**विधि :** पहले दंडासन अर्थात दोनों पैरों को सामने सीधे एड़ी, पंजो को मिलाकर बैठें। हाथ कमर से सटे हुए और हथेलियां भूमि पर टीकी हुई। नजर सामने, अब बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दहिने पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर एक-दुसरे से स्पर्श करते हुए रखें। इस स्थिति में दोनों जघाएं एक-दुसरे के ऊपर रखें। घुटने एक-दुसरे से स्पर्श करते हुए हो। अब जो पैर ऊपर है उसी हाथ को ऊपर से एवं नीचे वाले पैर की ओर के हाथ को ऊपर से एवं नीचे वाले पैर की ओर हाथ को पीछे कमर की और से लेकर आपस की अगुलियां फंसाकर खीचे, कोहनियां, गर्दन व सिर सीधे रहेंगे। एक ओर से करने के बाद पुन: दुसरी ओर से भी करें। इस संपूर्ण प्रक्रिया को गोमुखासन कहते है।

**अवधि :** हाथो के पंजो को पीछे पकड़े रहने पर अपनी सुविधानुसार ३० सेकंड से एक मिनिट तक इसी स्थिति में रहें। इस आसन को दो या तीन बार दोहरा सकते हैं।

**लाभ :** इससे पैरों की मांसपेशिया चुस्त और मजबूत बनती है। इस आसन से तनाव दुर होता है, कंधे और गर्दन की अकडन को दूर कर कमर और पीठ दर्द में लाभदायक है। हायड्रोसिल (अण्डकोष वृद्धि) एवं यौन रोगों में विशेष लाभदायक है। स्त्री रोगों सन्धि वात एवं गठिया में उपयोगी है तथा लीवर, गुर्दे एवं छाती को पुष्ट करता है।

**सावधानी :** हाथ, पैर और रीढ की हड्डी में कोई गंभीर रोग हो तो यह आसन न करें। जबरदस्ती पीठ के पीछे हाथों के पंजो को पकड़ने का प्रयास न करें।

### अर्थमत्स्येंद्रासन

**विधि :** बैठे हुए दायीं ओर के घुटने को मोड़ते हुए एड़ी को नितंब के साथ लगा दें। बायां पांव दायें घुटने के ऊपर से ले जाते हुए भूमि पर रखें। पांव का पुरा पंजा घुटने से ले जाते हुए भूमि पर रखें। पाव का पुरा पंजा घुटने से आगे न जाए और बायां घुटना छाती के मध्य में रहे। दायें हाथ को बायें घुटने के ऊपर से ले जाते हुए बायें पैर के तलवे के अंगुठे की ओर से पकड़ ले। बायां हाथ पीठ के पीछे रखें। पीठ को सीधा रखते हुए गर्दन को घुमाकर श्वास भरते हुए ठोढ़ी को बायें कंधे की ओर ले जाएं। रीढ की हड्डी सीधी रखें। इसी अवस्था को बनाए रखे लंबी गहरी साधारण सांस लेते रहें। सांस छोड़ते हुए पहले हाथों को ढीला छोड़ते हुए आराम से सीधे बैठे जाएं। दुसरी ओर इस आसन को तीन से चार बार करने का अभ्यास करें व इस आसन का १३० सेंकड तक अभ्यास करने का प्रयास करें।

**लाभ :** रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है, कुल्हे व पैरों की चर्बी कम करता है, डॉयबिटीज, कब्ज, सरवाइकल स्पोन्डिला, मूत्र पथ विकारों, मासिक धर्म की परेशानियों और अपच के लिए लाभदायक है।



**सावधानी :** गर्भावस्था और मासिक धर्म के दौरान इसे नही करना चाहिए। हृदय, पेट, मस्तिष्क का ऑपरेशन किया गया हो तो इस आसन का अभ्यास ३ माह बाद करें। अल्सर, हर्निया से ग्रस्त व्यक्ति इसे न करें।

## आवश्यकता है

**साप्ताहिक बुलंद गोंदिया के लिये गोंदिया-भंडारा जिले की सभी तहसीलों के लिये संवाददाता, प्रतिनिधी तथा वितरक नियुक्त कराना है । इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में आकर संपर्क करें अथवा 7670079009, 9405244668, 9763355727 पर संपर्क करें ।**

– **सम्पादक**

## तहसील पत्रकार संघ बना सामाजिक चेतना का केंद्र

# अयोध्या में राममंदिर निर्माण के लिए ११ हजार रुपए की सौंपी निधि



**संवाददाता तिरोडा-** पत्रकारिता को देश का चौथा स्तंभ कहा जाता है और पत्रकार समाज का आईना होता है। उसी तरह तहसील पत्रकार संघ तिरोडा ने भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को हमेशा निभाया है और रामजन्मभूमि मंदिर तीर्थस्थल अयोध्या के निर्माण हेतु तहसील पत्रकार संघ की ओर से ११ हजार रुपयों की निधि देकर सम्पूर्ण जिले में सामाजिक एकता की एक मिसाल पेश की है। इस आशय के विचार विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र (मुन्ना) लिल्हारे ने व्यक्त किया। तहसील पत्रकार संघ की ओर से सचिव विजय खोब्रागडे, लक्ष्मीनारायण दुबे, नितिन आगाशे, पंकज देहलीवाल, देवेंद्र तिवारी, स्वप्निल शहारे, सचिन ढबाले, डॉ संजय जगणे आदि पत्रकारों की उपस्थिति में ग्यारह हजार की निधि राममंदिर निधि संकलन समिति को सौंपी गई। इस अवसर पर निधि संकलन समिति के पदाधिकारी उमाशंकर चौधरी, राज टेंभरे, रोहित रहांगडाले, धनेंद्र सोनेवाने, रमन सिंघल, गजानन वाकडोत आदि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय मराठी साहित्य परिषद की जिला कार्यकारिणी का गठन

**गोंदिया-** अखिल भारतीय साहित्य परिषद पुणे इस संस्था की ओर से अनेक वर्षों से पुरे भारत में विविध साहित्यिक उपक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस उपक्रम के चलते विविध क्षेत्रों में मान्यवरों का मार्गदर्शन व साहित्य कला आदि के क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान देनेवाले व्यक्ति को साहित्य पारिषद के कार्य में शामिल किया जाता है।

अखिल भारतीय मराठी साहित्य पारिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद गोरे, विदर्भ विभाग अध्यक्ष आनंदकुमार शेंडे, नागपुर विभाग अध्यक्ष सतीश सोमकुवर, नागपुर विभाग सरचिटणीस जयेंद्र चव्हाण के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष महेंद्र सोनवाने की अध्यक्षता में सविता बेदरकर, वर्षा गंगणे, गोकुल परदेशी की प्रमुख उपस्थिति में अ.भा.म.सा.प. गोंदिया जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। अ.भा.म.सा.प. गोंदिया जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष के रुप में महेंद्र सोनवाने, कार्याध्यक्ष शिवाजी बडे, जिला सचिव जयश्री सीरसाटे, संघटक यशोधरा सोनवाने, उपाध्यक्ष इंद्रकला बोपचे, सहसचिव संदिप कटरे, कोषाध्यक्ष विजय मेश्राम, संपर्क प्रमुख किशोर कुमार बंसोड, प्रसिद्धी प्रमुख राहुल हटवार, सदस्य किरण कावले, वैशाली कोहपरे, महेंद्र कोल्हाटकर, गोकुलसिंग परदेशी, प्रमुख सलाहकार प्रा. सविता बेदरकर व प्रा. वर्षा गंगणे आदि पदाधिकारियों की नियुक्ती की गई।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** इस सप्ताह आपका लंबी यात्राओं पर जाने का योग बन रहा है। अच्छी नौकरी और कमाई के चलते व्यापार या शेयर मार्केट में पैसा लगाने की सोच सकते हैं। माता-पिता के दबंग व्यवहार के चलते थोड़ा नाराज रह सकते हैं। स्वस्थ खान-पान की आदत के चलते अच्छा स्वास्थ्य पाने में सफल होंगे। भविष्य की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अभी से तैयारी करें।

**वृषभ :** इस सप्ताह आप जो कुछ भी करेंगे, दूसरों को उससे प्रभावित करने में कामयाब होंगे। किसी के साथ किसी चीज के बारे में कलह करने से दूर रहने की कोशिश करें। परिवार का कोई युवा आपसे पैसों की मदद मांग सकता है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा चल रहा है। प्रयासों से बीमारी से छुटकारा पाने में सफल होंगे।

**मिथुन :** प्रमोशन या सैलरी में बढ़ोतरी के योग बन रहे हैं। पढ़ाई को लेकर छात्रों का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग बन हैं। किसी समारोह में आपको काफी सम्मान मिलेगा। नया शुरु किया गया व्यापार काफी फायदेमंद साबित होगा। अपने प्रयासों से किसी सीनियर की पसंद बनने में सफल होंगे। सेहत को लेकर यह सप्ताह संतोषजनक रहेगा।

**कर्क :** यह सप्ताह कार्यक्षेत्र पर मिली सफलता का आनंद उठाने का रहेगा इसलिए अपनी सफलता का आनंद उठाएं। ऑफिस में अपनी बात रखने में पूरी तरह से सफल होंगे। साथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। किसी करीबी के साथ जल्द ही प्यार होन की उम्मीद है।

**सिंह :** आप भविष्य की योजनाओं को बनाने में व्यस्त रहेंगे। नए लोगों से मिलने के योग बन रहे हैं, लेकिन थोड़ा सतर्क रहें और किसी पर भी जरुरत से ज्यादा विश्वास न करें। धन संबंधित मामलों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में किसी खुशखबरी के मिलने से अच्छा महसूस करेंगे।

**कन्या :** इस सप्ताह अधूरे पड़े कामों को पूरा करने के लिए समय निकालने की कोशिश करें। टैक्स पर पैसों की बचत करने के लिए वित्तीय जागरुकता होना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण समारोह का हिस्सा बन सकते हैं। विवाहयोग्य लोगों के विवाह के योग बन रहे हैं। अपनी वसीयत बनाने के लिए यह समय उपयुक्त चल रहा है।

**तुला :** आप आसानी से कार्यक्षेत्र पर आ रहीं बाधाओं का सामना करने में सफल होंगे। उतावलेपन में कुछ भी करने से बचें। इस सप्ताह शांत रहने की कोशिश करें और ऑफिस में चल रहे नए घटनाक्रम से दूर रहें। आपके मूड के चलते आपका साथी आपसे नाराज हो सकता है। व्यस्त मार्ग पर यात्रा करना रिस्की रहेगा।

**वृश्चिक :** आप में से कुछ लोग अपने घर की मरम्मत का काम कराने में व्यस्त रह सकते हैं। किसी बिजनेस ट्रिप पर जाने से नए मौके मिलने की संभावना है। किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने की संभावना है, जो आपको समझेगा। किसी महंगी चीज की खरीददारी के योग बन रहे हैं।

**धनु :** सामाजिक रुप से किसी को गलत चीज को सुधारने की कोशिश न करें। करियर को लेकर यह सप्ताह अच्छा रहेगा। किसी आध्यात्मिक व्यक्ति का आप पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोग हताश न हों, क्योंकि जल्दी ही उम्मीद की रोशनी दिखाई दे रही है।

**मकर :** आपके द्वारा किसी को दिया गया समर्थन अमूल्य साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर आपके प्रदर्शन को सही तरह से पहचाना नहीं जाएगा। विवाह की उम्मीद कर रहे लोगों को निराश होना पड़ सकता है। किसी को अपना वाहन उधार देना खतरनाक साबित हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के योग हैं। वैवाहिक जीवन में मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ :** किसी दोस्त के साथ यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। किसी विवादित प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावनाएं हैं। हेल्थ सप्लीमेंट के सेवन से मनचाही फिगर और फिजिक पाने में सफल होंगे। हेल्थ सप्लीमेंट के साथ जरुरी व्यायाम भी करते रहें, लाभ मिलेगा।

**मीन :** किसी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकता है। किसी करीबी की अनचाही सलाह आपको परेशान कर सकती है। अपनी आर्थिक स्थिति को देखकर थोड़ा कुंठित हो सकते हैं। चिंता ना करें, समय के साथ चीजें ठीक हो जाएंगी। किसी दूसरे के जीवन में दखलअंदाजी करने से बचें।

# गोंदिया रेलवे स्टेशन की व्यवस्था करें सुचारु



गोंदिया रेलवे स्टेशन में यात्रियों को हो रही परेशानी को हल करने की मांग का ज्ञापन रेलवे स्टेशन सलाहकार सदस्य राजेंद्र कावले ने नागपुर के रेलवे अधिकारी विकासकुमार कश्यप को सौंपा है। जिसमें कहा गया कि गोंदिया रेलवे स्टेशन में पिछले १० साल के मुकाबले साफ-सफाई से लेकर साज-सज्जा, लिफ्ट, कई इलेक्ट्रीक संसाधन से सुशोभीत किया गया है जो निश्चीत ही प्रशंशा के योग्य है। लेकिन दक्षिण दिशा से स्टेशन की ओर आनेवाले मार्ग का सुधार नही हो पाया है तथा स्थिती जैसे की वैसे बनी हुई है जिसके चलते यहां के सकरे रास्ते और भीड़-भाड़ की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई।

उसी प्रकार शहर के डब्लींग मैदान में आसपास परिसर के रेलवे कर्मचारी से लेकर बच्चे व नागरिक खेलकुद करने व सैरसापटे के लिए सुबह-शाम प्रतिदिन यहां आते है। लेकिन ग्राऊंड में शाम होते ही अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते उक्त परिसर के लोगो ने यहां भ्रमण करना बंद कर दिया है। जिसके चलते ग्राऊंड में १० फिट का गट्टु खुदाकर वृक्षारोपण कर सौंदर्यीकरण करने, चेयर व शेड की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, दक्त परिसर में सुरक्षाकर्मी तैनात करने की मांग की के साथ ही गोंदिया में रेलवे की सेंट्रल स्कूल खोलने की मांग की गई है।

# जिले को वर्ष २०२१-२२ के लिए १६५ करोड़ की निधि मंजूर



**गोंदिया-** विभागीय आयुक्त कार्यालय नागपुर में राज्य स्तरीय जिला वार्षिक योजना २०२०-२१ के लिए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में ८ फरवरी को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोंदिया जिले के लिए वर्ष २०२०-२१ के लिए १६० करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था की गई थी। लेकिन कोरोना महामारी के संक्रमण के चलते अगले दो माह में आवंटित निधि खर्च करना संभव नहीं होगा। इसलिए इसे खर्च करने हेतु ३ माह की अतिरिक्त समय दिया जाए साथ ही वर्ष २०२१-२२ के लिए वार्षिक योजना हेतु १८० करोड़ रुपए की निधि को मंजूरी दिए जाने की मांग विधायक परिणयक फुके ने उपमुख्यमंत्री तथा वित्तमंत्री अजीत पवार से की।

जिस पर उपमुख्मंत्री ने कहा कि वर्ष २०२०-२१ की निधि खर्च करने के लिए समयावधि बढ़ा देने के विषय में शासन के स्तर पर निर्णय किया जाएगा तथा २०२१-२२ के लिए गोंदिया जिले को १६५ करोड़ रुपए की निधि उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक अभिजीत वंजारी, जिलाधिकारी दीपककुमार मीणा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गोंदिया जिला वंजारी कर्मचारी समिति का गठन



**गोंदिया-** जिले के वंजारी समाज के नागरिकों की सहविचार सभा वंजारी कर्मचारी समिति की कार्यकारिणी प्रमुख मार्गदर्शक व जनता शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मणराव आंधडे के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। अध्यक्षता बालाजी डिघाले ने की। प्रमुख अतिथि के रुप में रविंद्र दहिफले, शंभूदेव मरकुटे उपस्थित थे। सहविचार सभा में अतिथियों ने बताया कि समाज के प्रत्येक नागरिकों द्वारा समाज के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए। समाज के शोषित, पीड़ित, जरुरतमंद लोगो के लिए मद्द करें। समाज का विकास ही हमारा लक्ष्य है। समाजहित के लिए समाज के सभी नागरिक अपने कदम आगे बढ़ाएं। सभा में वंजारी कर्मचारी समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शिवाजी बड़े की नियुक्ती की गई। उसी प्रकार प्रमुख मार्गदर्शक के रुप में लक्ष्मणराव आंधडे, उपाध्यक्ष पद पर परमेश्वर केंद्रे, सिद्धेश्वर केंद्रे, सचिव शरद बोंद्रे, सहसचिव वसुदेव जायभाये, कोषाध्यक्ष रामप्रभु मुंडे, कार्याध्यक्ष मारोती मुंडे, संगठक गोवर्धन खेडकर, सहसंगठक पद पर प्रकाश घुगे का चयन किया गया। इस अवसर पर समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सोमेश्वर हत्याकांड का आरोपी जमानत पर रिहा

**गोंदिया-** तीन आरोपियों ने आपसी में सांठगांठ कर दिनांक २६,९,२०२० की शाम ४ बजे के दौरान मृतक सोमेश्वर पटले को मोटर सायकल में बिठाकर कोरजभोंरा के जंगल ले गए तथा वहां पर मृतक के सिर पर पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी। जानकारि के अनुसार आरोपी पमेश्वर पटले मृतक का सगा भाई है तथा दोनों में आए दिनों झगड़ा हुआ करता था। जिसकी रंजिश मन में लिए बैठे आरोपी के भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर जंगल परिसर में उसके सिर पर पत्थर से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस संदर्भ में चिचगढ़ थाने में धारा ३०२, २०१, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया व इस मामले की चार्जशीट पेश की। जहां आरोपी परमेश्वर पटले की तरफ से जमानत की अर्जी एड. निजाम शेख ने पेश की। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद न्यायधीश सुहास माने ने आरोपी परमेश्वर पटले को २५ हजार रुपए का जुर्माना वसुल कर जमानत पर रिहा करने का आदेश ६ फरवरी को दिया गया।

# त्यागमूर्ति माता रमाई जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



## बाबासाहब आंबेडकर की प्रेरणा थी माता रमाई -भावे

**संवाददाता खातिया-** भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल कामठा की ओर से ग्राम शाखा कामठा में त्यागमूर्ति माता रमाई जयंती कायक्रम का आयोजन ७ फरवरी को किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रेरणा थी त्यागमूर्ति माता रमाई व उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबी, उपवासमार, यातना व अत्यंत दुखद समय व्यतीत कर अपना संपूर्ण जीवन डॉ. बाबासाहब आंबेडकर द्वारा चुने गए कार्य को समर्पित किया उक्त आशय के उद्गार भारतीय बौद्ध महासभा के तहसील संरक्षण उपाध्यक्ष मनोहर भावे ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शरुवात में तथागत गौतम बुद्ध, बोधिसत्व परम पूज्य डॉ. बाबासाहब आंबेडकर व त्यागमूर्ति माता रमाई के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्कल अध्यक्ष योगिराज वंजारी ने की। प्रमुख रुप से तहसील पर्यटन उपाध्यक्ष नरेंद्र बोरकर, तहसील महिला सचिव धर्मशिला शेंडे, कार्यालयीन सचिव विजय मेश्राम, लेखा जोखा अध्यक्ष मयाराम गजभिए, आदि बुद्ध उपासक उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थिति ने माता रमाई के जीवनकाल पर प्रकाश डाला व मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन सर्कल महासचिव विजेंद्र मेश्राम ने किया व आभार मयाराम गजभिए ने माना।

# प्रत्याक्षित अभ्यासक्रम से जानी समाज की व्यथा



**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय के माध्यम से स्नातक स्तर पर विशेष पाठ्यक्रम दिए जाते हैं। उन्हें विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में काम करना सिखाया जाता है। काम का दायरा छात्रों को संस्थान के माध्यम से दिया जाता है। जहां वे सीख रहे हैं ताकि वे पुस्तक अध्ययन के साथ- साथ सामाजिक कार्य का अनुभव कर सकें।

गढ़चिरौली जिले के अनिकेत सोशल वर्क कॉलेज, देसाईगंज वडसा में पढ़ने वाली छात्रा वैष्णवी सुरेश साखरे को तहसील के परस्तटोला में ग्राम पंचायत क्षेत्र दिया गया। हिंसा, वेसन मुक्ति, सामाजिक स्वास्थ्य, महामारी, विज्ञान जागरुकता, सरकारी योजनाओं पर युवक-युवतियों को मार्गदर्शन ऐसे विविध विषयों पर मार्गदर्शन कर प्रत्यक्ष कार्य का अनुभव लिया।

# लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दी देवरी कार्यालय में भेंट

## जरुरतमंदो को अनाज कीट का वितरण




**संवाददाता देवरी-** लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा देवरी के कार्यालय में भेंट दी गई। इस अवसर पर २४ जनवरी को आफताब मंगल कार्यालय में भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्णिमा भाले ने की। इस अवसर पर वैशाली कुंभरे, शिला मारगाये देवरी, वेदांता गंगाभोज, राजेंद्र भाले के साथ ही देवरी लायंस क्लब के अध्यक्ष संगीता पाटिल, गौरी देशमुख, शिल्पा बांते, क्लब के पूर्व अध्यक्ष वैशाली संगिड़वार, वनिता दहिकर, सरोज शेंद्रे, सुलभा भुते आदि प्रमुख रुप से उपस्थि थे। कार्यक्रम में उपस्थित लॉयन क्लब के कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया गया। उसी प्रकार गौरी देशमुख ने क्बल का वार्षिक अहवाल तथा शिल्पा बांते ने एक साल की खर्च राशि का ब्योरा पेश किया तथा देवरी लायन क्लब की ओर से जरुरतमंदो को अनाज की किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीतल सोनवाने ने किया तथा ममता रोकड़े ने आभार व्यक्त किया।

# भाजपा युवा मोर्चा की गोंदिया तहसील कार्यकारिणी का गठन



**गोंदिया-** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश सचिव तथा गोंदिया जिला प्रभारी अंकुश ठाकुर की प्रमुख उपस्थिति में जिला अध्यक्ष केशवराव मानकर, जिला महामंत्री संजुभाऊ कुलकर्णी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ओम कटरे, जिला महामंत्री कुणाल बिसेन, ललित मानकर, हर्ष विनोदकुमार मोदी के मार्गदर्शन में भाजयुमो तहसील अध्यक्ष तिजेश गौतम द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित की गई कार्यकारिणी में महामंत्री पद में अभिषेक श्रीवास्तव, प्रेमकृष्ण बेलवंशी, आशीष हेमने, उपाध्यक्ष संकेत हरिनखेड़े, राजेन्द्र भगत, प्रदीप रहांगडाले, अनिल चुलपार, राकेश ठाकरे, ललित बिसेन, योगेश ठाकुर, सचिव अंकुश चन्ने, संतोष हनवते, सुरेंद्र वड़ेगावकर, गोरेलाल बोपचे, पंकज कदम, संतोष रहांगडाले, कमलेश पाचे, कोषाध्यक्ष विजय रहांगडाले, सोसल मीडिया संयोजक जागेश्वर नागपुरे, सहसंयोजक पृथ्वीराज दसरे, पराग रहांगडाले, विद्यार्थी संयोजक लंकेश पटले, सहसंयोजक छनेंद्र बिसेन व कार्यकारिणी सदस्य पद में शरद नागपूरे, राजकुमार सुलाखे, भुनेश गाते, लोमेश बिसेन, नरेश लिल्हारे, नवनीत डाहट, विशाल खोटेले, कृष्णा लिल्हारे, नरेंद्र निर्विकार, आलोक दास, कृष्णा गौतम, दीपक हरिनखेड़े, योगेश ठाकरे, मुकेश मानकर, शिव सुलाखे, कन्हैया थापा, आकाश बघेले, अविनाश दमाहे, ओमप्रकाश पारधी, बुधराम कोहडे, राहुल पटले का समावेश है।

# म्होरकी आदिवासी महिला संगठन का उदघाटन व भव्य शुभारंभ व मिलन समारोह १६ फरवरी को

**गोंदिया-** म्होरकी आदिवासी महिला संगठन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा १६ फरवरी २०२१ को आफताब मंगल कार्यालय चिचगड़ रोड़, देवरी में होरकी आदिवासी महिला संगठन का उदघाटन व भव्य शुभारंभ व मिलन समारोह आयोजित किया जाने वाला हैं।

म्होरकी आदिवासी महिला संगठन वेलफेयर एसोसिएशन की नियोजित सभा १ फरवरी २०२१ को प्रमीला सिन्द्रामे अध्यक्ष म्होरकी आदिवासी महिला संगठन इनके अध्यक्षता में कस्तूरबा कम्प्यूटर टायपिंग व शॉर्टहैंड इंस्टिट्यूट रामनगर गोंदिया में ली गयी और संघठन का उदघाट्न व शुभारंभ कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस सभा समय पर प्रमीला सिन्द्रामे अध्यक्ष, कार्याध्यक्ष मीनाक्षी ताई वट्टी, सरचिटणीस संगीता पुसाम, सहसरचिटणीस छाया दुर्गे, कोषाध्यक्ष तुष्माताई तोड़साम, प्रसिद्धि प्रमुख लीनाताई उईके, सदस्य कविताताई कुंजा आदि उपसिथत थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाओं से उपस्थित रहने का अहवान किया गया है।

# नगर परिषद टेक्स वसूली अभियान
# इनकम टेक्स ऑफिस को नोटिस, दो मकानों को किया सील




गोंदिया नगर परिषद टेक्स वसूली अभियान के तहत ८ फरवरी को गोंदिया के इनकम टेक्स कार्यालय पर ५ लाख ६५ हजार ७३० रुपए का टेक्स बकाया होने के चलते जब्ती का नोटिस दिया गया। ३ दिनों में टेक्स जमा न करने पर इनकम टेक्स कार्यालय की इमारत को सील किया जाएगा। इसके साथ ही राजेंद्र वार्ड माताटोली स्कूल के पीछे स्थित निजी, संपत्ति धारक भीमराव टीकाराम खानोरकर जिस पर १९९३ से ९२ हजार ३२ रुपए का टेक्स बकाया था, तथा सेवंताबाई कंदीराम मस्के जिन पर १९९३ से बकाया टेक्स होने के चलते संपत्ति को सील किया गया।

इसके साथ ही अब नगर परिषद द्वारा टेक्स बकाया संपत्तिधारकों, अन्य संपत्ति जैसे टी.वी., फ्रीज, मोटर साइकिल, चारपहिया वाहन इसकी सूची बनाने के पश्चात टेक्स न भरने पर जप्त की जाएंगी। उपरोक्त कार्रवाई मुख्य अधिकारी करण चौहान के मार्गदर्शन में टेक्स अधीक्षक विशाल बनकर व टेक्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई।

# मुख्य प्रशासक व आशासकीय प्रशासक पद पर नियुक्ति

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** अर्जुनी मोरगांव कृषि उत्पन्न बाजार समिति में आशासकीय प्रशासक मंडल में मुख्य प्रशासक के रुप में शिरेगांव बांध में लोकपाल दुधाराम गहाणे की नियुक्ति की गई। उसी तरह आशासकीय प्रशासक के रुप में ग्राम बोलदे में बंसीधर रामकृष्ण लंजे, ग्राम मोरगांव में गिरीश देविदान पालीवाल तथा ग्राम इटखेड़ा में उद्धव सिताराम मेहंदले की नियुक्ति की गई है। सहकार पणन व वस्त्रोद्योग विभाग महाराष्ट्र शासन कार्यासन अधिकारी जयंत भोईर द्वारा ४ फरवरी को जारी किए गए पत्र के अनुसार यह घोषणा की गई है। अर्जुनी-मोरगांव में कृषि उपज मंडी समिति के निदेशक मंडल का कार्यकाल २ सितंबर २०२० को समाप्त हो गया व ४ सितंबर को सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय में सह-संचालन अधिकारी प्रशांत गाडे को प्रशासक के रुप में नियुक्त किया गया था। हाल ही में तहसील के चार लोगों को गैर-सरकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किया गया है।

**मेटाडोर ने दुपहिया को मारी टक्कर**

# २ विद्यार्थियों की घटनास्थल पर मौत १ गंभीर जख्मी



## कोहमारा से खजरी मार्ग पर हुई दुर्घटना

**गोंदिया-** मुरदोली से कोहमारा की ओर जाने वाले मार्ग पर खजूरी के समीप १० फरवरी की सुबह ११ बजे के दौरान विपरीत दिशा से आ रही मेटाडोर क्रमांक एम.एच. २०, सी.टी. ६०१८ के चालक ने दुपहिया पर सवार होकर ट्रिपल सीट जा रहे शालेय विद्यार्थी को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें २ विद्यार्थियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा एक गंभीर जख्मी हो गया। जिसका उपचार गोंदिया के निजी चिकित्सालय में चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में आदिवासी विकास हाईस्कूल खजरी के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी मुरदोली निवासी तुषार बृजलाल शिवनकर व मुंडरीटोला निवासी शुभम नंदकुमार भीमटे का समावेश है। डव्वा निवासी प्रवीण सतीश कटरे गंभीर रुप से जख्मी हो गया। उपरोक्त मामले में डुग्गीपार पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु की गयी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस मार्ग पर शालेय विद्यार्थियों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है। फिर भी वाहन चालक लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुये गुजरते हैं और अक्सर यहां दुर्घनाएं होती रहती है। इस ओर प्रशासन द्वारा ध्यान देते हुए वाहन चालकों पर दंडात्मक कार्रवाही की जानी चाहिये।

# सक्षिप्त समाचार

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी

शहर पुलिस थाना अंतर्गत नकली मृत्यु प्रमाणपत्र व हलफनामा पेश कर अब्दुल नहीम अब्दुल सहीम खान का नाम वारसान प्रमाणपत्र में चढ़ाकर शासन से धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने अन्य लोगो से सांठगांठ कर बोगस दस्तावेजों के आधार पर राजिस्ट्री कार्यालय में गट क्र ७३१, ७१२/१ की जगह अपनी मिलकियत की दर्शाकर शासन के साथ धोखाधड़ी की। इस संदर्भ में फर्यादी हुजरी बाजार बालाघाट निवासी आनंद हरवंशसिंह पवार (४०) की शिकायत पर शहर पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा ४१९, ४२०, ४६५, ४६७, ४६८, ४७१, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगे की जांच पुलिसकर्मी विजय राणे कर रहे है।

### युवक ने लगाई फांसी

अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना अंतर्गत फ्रेंड्स कॉलोनी सिविल लाइन निवासी राकेश भगवान मेश्राम (२३) ने दोपहर २ बजे के दौरान अपने निवास स्थान में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान घर में कोई भी सदस्य नहीं थे। शिकायत के आधार पर धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ५ लाख ५६ हजार की चोरी

अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम माहुरकुडा निवासी फर्यादी आनंदराव हरि नाकाडे (७२) एवं रेसीम गणपत कापगते (३५) के घर का अज्ञात चोरो ने पीछे का दरवाजा तोड़ भीतर प्रवेश किया तथा आलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण व १ लाख १८ हजार रुपए नगद समेत कुल ५ लाख ५६ हजार रुपए के माल पर हांथ साफ कर दिया। यह घटना २ फरवरी की रात ११.३० से लेकर तड़के ४.३० बजे के दौरान घटित हुई। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ धारा ४५७,३८० के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जहर का सेवन कर की आत्महत्या

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम नागरा निवासी गोविंद दामाजी बांते (५८) ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संदर्भ में पुलिस ने धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच पुलिस हवलदार ब्राम्हणकर कर रहे है।

### रेत से भरा टीप्पर लेकर फरार

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम गांगला में ३ फरवरी की दोपहर ३.३० बजे के दौरान ग्राम खोपडा से गांगला मार्ग से अवैध रुप से रेती ले जा रहे टीप्पर क्रमांक एमएच ४०- एके ६३२३ को पकड़ा गया तथा कार्यवाई करने हेतु तिरोड़ा के तहसील कार्यालय में टीप्पर खड़ा करने के लिए चालक को कहा गया। लेकिन आरोपी चालक ने टीप्पर को तहसील कार्यालय में न खड़ा करते हुए सिल्ली सड़क मार्ग से ५ ब्रास रेती लेकर फरार हो गया। मंडल अधिकारी फर्यादी प्रवीण गुलाबराव रोकडे (३८) की शिकायत के आधार पर धारा ३७९,३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बांस की लाठी से हमला

रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम गर्रा में आरोपी ने घरगृती कारणों के चलते शराब का सेवन कर प्रेमलाल भालाधरे के सिर पर बांस की लाठी से हमला कर जख्मी किया तथा गालीगलौच की। फर्यादी उत्तम भालाधरे (२०) निवासी गर्रा की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा ३२४, ५०४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बाईक चोरी

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम डोंगरगांव खडकी निवासी फर्यादी यारेलाल गोपाल कटरे (६२) ने अपने घर के आंगन में मोटर सायकल क्रमांक एमएच ३५/ ५३६७ कीमत २५ हजार रुपए को खड़ा किया था। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने सुनेपन का लाभ लेते हुए मोटर सायकल को लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### रेलवे की सेंट्रल स्कूल खालेने की मांग

रेलवे सलाहकार समिति सदस्य राजेंद्र कावळे द्वारा रेलवे स्टेशन के पास की पार्किंग व्यवस्था, रेलवे का एक मात्र मैदान (डब्लींग) ग्राउंड की उपेक्षा एवं गोंदिया में रेलवे की सेंट्रल स्कूल खोलने की मांग को लेकर पत्र सौंपा है।

### कर्करोग अब लाईलाज नहीं – डॉ.नितेश बाजपेई

विश्व केंसर दिवस के उपलक्ष्य पर बालाजी फाउंडेशन व न्यू बालाजी हॉस्पिटल में केंसर के लिए परामर्श व मेडिकल सहायता का कार्य निशुल्क शुरु किया गया है। हर माह के पहले व चौथे रविवार को केंसर काउंसलिंग सेशन न्यू बालाजी हॉस्पिटल रामनगर में किया जाएगा। जिन्हें कर्क रोग पर परामर्श की आवश्यकता होगी उनके लिए निशुल्क परामर्श भी उपलब्ध करवाया जाएगा। केंसर अब लाईलाज नहीं रही, यह जानकारी डॉ.नितेश बाजपेई ने दी, साथ ही उन्होंने ७ अलार्मिंग सिगनल्स भी बताए। जिनके होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना आवश्यक है।

१) मल-मूत्र में परिवर्तन २) जख्म का ना भरना ३) अधिक रक्तस्राव ४) शरीर के किसी भी अंग में कड़ापन या गांठ का बनना ५) निगलने में तकलीफ या खाना न पचना ६) किसी भी प्रकार के तिल या मस्से के आकार में बदलाव व ७) खांसी या स्वर का बैठना।

इन लक्षणों के होने पर तुरंत सलाह आवश्यक है। इस कार्यक्रम में डॉ.मौसमी तिवारी, कमलेश शाह, निशा साधेपाचे, नेहा बाजपेई, निदान लैब की संचालिका नीलू राऊत, अभय उके, अनीता नागपुर, डॉली नंदेश्वर आदि उपस्थित थे।

## महावितरण विभाग ने ११४ करोड़ की वसूली हेतु

# ३.५० लाख ग्राहकों को भेजा नोटिस

महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**गोंदिया-** विगत मार्च माह में लागू लॉकडाउन के दौरान अनेक बिजली ग्राहकों ने आर्थिक संकट की वजह से बिल का भुगतान नही किया है। जिसके चलते गोंदिया-भंडारा परिमंडल के कुल ३ लाख ५० हजार ३५६ बिजली ग्राहकों पर बकाया ११४ करोड़ २४ लाख रुपए की वसूली करने हेतु महावितरण विभाग द्वारा संबंधित ग्राहकों के घर में नोटिस भिजवाया गया है। जिसमें ग्राहकों को निर्धारित समय में बिल का भुगतान करने की सुचनाएं दी गई है।

इस संबंध में महावितरण विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया- भंडारा विद्युत परिमंडल के कुल ३ लाख ५० हजार ३५६ ग्राहक है। जिसमें गोंदिया सर्कल के २ लाख १९ हजार ६४० घरेलू, १६ हजार १३ कमर्शियल तथा ५ हजार ४१४ औद्योगिक है। इसी प्रकार भंडारा सर्कल में ९८ हजार ३११ घरेलु, ८ हजार ९९ कमर्शियल तथा २ हजार ८९७ औद्योगिक क्षेत्र के है। उपरोक्त ग्राहकों पर ११४ करोड़ २४ लाख रुपए का बिल बकाया है। इतने बड़े पैमाने पर बकाया होने से महावितरण गंभीर परिस्थिति से गुजर रहा है। इस स्थिति से पार पाने के लिए महावितरण द्वारा गोंदिया-भंडारा परिमंडल के कुल ३ लाख ५० हजार ३५६ बिजली ग्राहाकों को नोटिस भेजकर शिघ्र ही बकाया बिल का भुगतान करने की अपील की गई है।

### उर्जामंत्री के खिलाफ नागरिकों में रोष

राज्य के ऊर्जा मंत्री डॉ नितीन राऊत द्वारा कोरोना काल में ग्राहकों को बिजली बिल माफ किए जाने के वादाखिलाफी करने से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। उधर राजनैतिक दलों के माध्यम से बिजली बिल माफ करने हेतु निरंतर आंदोलन किए जा रहे है। जिससे ग्राहकों को उम्मीद है कि शासन उक्त आंदोलन को गंभीरता से लेकर बिजली बिल माफ करने या बिजली बिल में छुट देकर ग्राहकों को राहत देने का प्रयास किया करेंगे। जिसके चलते ग्राहक उपरोक्त बिजली बिल भरने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है।

# देवरी नपं ने की कर वसूली अभियान की शुरुवात

## कार्यवाई में शहर के २ मोबाईल टॉवर सील

**गोंदिया-** देवरी नगर पंचायत की ओर से कर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत ने अपने अंतर्गत आनेवाली इमारत, घर, व्यापारियों की दुकान, शासकीय व अशासकिय कार्यालय, स्कूल-महाविद्यालय, मोबाइल टॉवर व उद्योग धंधे चलानेवाले सभी लोगो को बकाये कर बिल को सौंपा है। लेकिन इसके बावजूद भी लोगो द्वारा कर का भुगतान नही किया जा रहा है। जिसे देखते हुए नगर पंचायत के मुख्याधिकारी अजय पाटणकर के मार्गदर्शन में कर निर्धारण तथा प्रशासकीय अधिकारी विठ्ठल हजारे के नेतृत्व में कर वसूली अभियान की शुरुवात जोरो से की गई।




जिसके अंतर्गत शहर के २ मोबाईल टॉवरों को सील किया गया। जानकारी के अनुसार प्रभाग क्र. १ में स्थित टाटा इंडिकॉम मोबाइल टॉवर पर ३८ हजार १३३ रपए व प्रभाग क्र. ११ में लगाया गए विजन इंडियन प्रायवेट लिमिटेड के ऊपर ८३ हजार ८३३ ऐसा कुल १ लाख २१ हजार ९०० रुपए का कर टैक्स बकाया होने से दोनो टॉवरों को सील करने की कार्यवाई की गई। यह कार्यवाई नगर पंचायत के प्रशासकीय अधिकारी विठ्ठल हजारे, लिपीक वामनराव, देवचंद्र बहेकार, इरफान शेख, प्रवीण वाटकर आदि की ओर से की गई। इस कार्यवाई से कर का भुगतान नहीं करनेवाले लोगो भय में है।

# विदर्भ की प्रसिद्ध गौशाला के विकास हेतु सदैव कटिबद्ध - विधायक विनोद अग्रवाल




**गोंदिया-** महाराष्ट्र शासन के गोवर्धन गौवंश सेवा केंद्र योजना अंतर्गत गोंदिया की श्री कृष्ण गौरक्षाण सभा (पांजारापोल) को मंजूर १ करोड़ की निधि के तीसरे चरण में प्राप्त धनराशि से गौवंश शेड के निर्माण कार्य का लोकार्पण ७ फरवरी को विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते संपन्न हुआ। गौवंश शेड लोकापर्ण के अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक विनोद अग्रवाल ने खुशी जाहिर कर श्री कृष्ण गौरक्षण सभा के सभी ट्रस्टियों, पदाधिकारियों, गौभक्तों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया। विधायक अग्रवाल ने कहा गोंदिया कि ये गौशाला वर्षो पुरानी गौशाला हैं। मेरे जानकारी के अनुसार ये विदर्भ की सबसे बड़ी गौशाला है। जहां बड़ी संख्या में गौवंश है। यहां गौभक्तों द्वारा प्रतिदिन पूजन उनके सेवा के नित्य कार्य में वृद्धि देखकर सुकून और शांति प्राप्त होती है। यहां से प्राप्त उर्जा प्रेरणा देती है। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता गौशाला के ट्रस्ट अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने की। उसी प्रकार मुख्य अतिथि के रुप में मारवाड़ी स्कूल संस्था के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, कार्यकारिणी के अध्यक्ष रमाकांत अग्रवाल, सचिव राजेश व्यास, कोषाध्यक्ष राजेश पनपालिया एवं सभी पदाधिकारी महिला समिति व गौभक्त उपस्थित थे।

## विशेष सहायक सरकारी अभियोक्ता पद के लिए करें आवेदन

**गोंदिया-** संचालक अभियोग संचालनालय महाराष्ट्र राज्य मुंबई ने स्वंय के पॅनल को कायम रख गोंदिया जिले हेतु ११ विशेष सहायक सरकारी अभियोक्ताओं की नियुक्ती करने की मंजूरी प्रदान की गई है। उपरोक्त पद गोंदिया जिला मुख्यालय क्षेत्र तथा तहसील स्तर में स्थित न्यायालय में प्रथम वर्ग न्याय दंडाधिकारी के न्यायालय में सरकार पक्ष की ओर मामला चलाने के लिए प्रस्तावित है। इस पद की जानकारी व आवेदन जिले के संकेत स्थानों में उपलब्ध है। इच्छुक प्यक्ति इस हेतु अपना अर्ज सुचना वे१ साथ जोड़े गए विहित नमुने में भर सहायक संचालक व सरकारी अभियोक्ता गोंदिया के नाम से पेश करे तथा परिपूर्ण भरी गई विहित नमुने के साथ अर्ज सहायक संचालक व सरकारी अभियोक्ता, प्रशासकीय इमारत तथा ४ थी मंजिल कक्ष क्रमांक ४५ सिविल लाइन में पेश करे। आवेदन भरने की शुरु तिथि के १५ दिनों के भीतर आवेदन पेश करना अनिवार्य है। पेश किए गए आवेदन में किसी भी प्रकार की गलती पाए जाने पर उसे रद्द कर दिया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा द्वारा दी गई है।

# भूख के कारण तेंदुए की मृत्यु



## जांच रिपोर्ट में खुलासा

**संवाददाता आमगांव-** आमगांव वनपरिक्षेत्र अंतर्गत आनेवाले ग्राम पदमपुर परिसर में बाघर दी के किनारे २ फरवरी को मृत अवस्था में मिले नर तेंदुए की मौत भूख के कारण होने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है जिसके चलते वनविभाग खलबली मच गई। इसके पूर्व जिले में बाघ व तेंदुए के शिकार की अनेक घटनाएं सामने आई है। ऐसे में आमगांव तहसील के पदमपुर में बाघ नदी परिसर के संरक्षित वन क्षेत्र के कंपार्टमेंट में नंबर ४८९ में वनविभाग के कर्मचारियों को गश्त के दौरान ३ वर्षीय नर तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया था तथा इसकी जानकारी वनविभाग के अधिकारियों को दी गई। इसके उपरांत वनविभाग के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल में पहुंचे तथा पंचनामा कर तेंदुए के शव को आमगांव के वनविभाग कार्यालय में लाया गया। प्राथमिक जांच में इस तेंदुए के शिकार किए जाने के संदर्भ में जांच जारी थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए की मौत का कारण भूख बताई गई।

**परिसर में इस तरह का पहला मामला**

आमगांव वनपरिक्षेत्र के पदमपुर परिसर में आम तौर पर तेंदुए नहीं पाए जाते है। इस परिसर में तेंदुए की मृत्यु भूख से होने का पहला मामला सामने आया है। अंदेशा लगाया गया कि तेंदुआ किसी दुसरी जगह से भटकता हुआ यहां आया होंगा। वनविभाग की ओर से इस परिसर में सतर्कता बरती जा रही है।

# लधु व कुटीर उद्योगों को बजट से मिलेंगी संजीवनी -सांसद सुनिल मेंढे



**गोंदिया-** मोदी सरकार द्वारा २१-२२ के लिए पेश किए गए बजट में मार्ग, रेलवे, लधु उद्योगों व जहाज निर्माण के क्षेत्रों के लिए ५ लाख करोड़ रुपए का नियोजन किया गया है। जिससे लधु व कुटीर उद्योगों को संजीवनी प्राप्त होने के साथ ही बड़े प्रमाण पर रोजगार निर्मित होंगे। इस प्रकार की जानकारि गोंदिया में आयोजित पत्र परिषद में सांसद सुनिल मेंढे द्वारा दी गई। आगे उन्होंने बताया कि बजट में इस बार किसी भी प्रकार के नए टैक्स नही लगाए गए स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलास्तर पर सवास्थ्य केंद्र जांच सूविधा व विभिन्न प्रयोगशालाओं का निर्माण किया जाएगा तथा ग्रामीण क्षेत्र के फंड को बढ़ाकर ४० हजार करोड़ रुपए का किया गया है एवं नाशिक, नागपुर मेट्रो के लिए लगनेवाली निधि में बढ़ोत्तरी की गई हैं साथ ही उन्होने बताया कि अपने दो वर्षो के कार्यकाल के दौरान जिले के विकास के लिए विभिन्न विकास कार्यो को आगे बढ़ाया गया है। जिसमें मुख्य रुप से गोंदिया तहसील के बिर्सी विमानतल से जल्द ही देश के अन्य क्षेत्रों के लिए यात्री विमान शुरु किए जाने तथा कार्गोहब का निर्माण कर मालवाहक वाहनों की उड़ान के लिए भी प्रयासरत है साथ ही गोंदिया रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को हल करना जिले के अंतर्गत तहसील के मार्गों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निधि उपलब्ध कराया जाना साथ ही गोंदिया जिले की मुख्य पहचान चावल है। जिसमें चिन्नौर धान को जीआर मानक प्राप्त हो इसके लिए प्रस्ताव प्रस्तृत किया गया है तथा जीआए टैगींग यह प्रक्रिया लगभग पुरी हो चुकी है जिसके लिए १६ फरवरी को मुंबई में एक महत्तवपूर्ण सभा आयोजित की गई है व दोनों जिलों के अधुरे सिंचाई प्रकल्पो को जल्द से जल्द पुरा करवाने के लिए समय-समय पर संबंधित विभागों व केंद्रिय मंत्री के साथ सभा का आयोजन कर कार्य पूर्ण करवाया जाएगा साथ ही मेंढे ने अहवान किया कि जिले में लधु व उद्योगों के लिए जिले में प्रचुर संसाधन उपलब्ध है। जिसके लिए व्यापारी आगे आकर विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योग शुरु करे जिसके लिए केंद्र सरकार के बजट में भी प्रावधान किया गया जिससे हजारों नए रोजगार निर्मित होंगे। आयोजित पत्र परिषद में पूर्व विधायक रमेश कुथे, गजेंद्र फुंडे, राजेश चतुर, दिनेश दादरीवाल, रेखलाल टेंभरे आदि उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक महिला शिक्षक संघ कार्यकारिणी गठित



**गोंदिया-** महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ अर्जुनी गोरगांव की ओर से महिला मिलन समारोह जिला और तहसील कार्यकारिणी की सभा मडावी सेलिब्रेशन लॉज अर्जुनी-मोरगांव में महिला शिक्षिका व जिले के शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक के दौरान महाराष्ट्र-राज्य प्राथमिक महिला शिक्षक संघ शाखा अर्जुनी-मोरगांव की कार्यकारिणी की स्थापना की गई। इस अवसर पर सुनंदा कांबळे, रंजना बनकर, सरचिटणीस लीना ब्राम्हणकर, संघटक प्रतिभा नाकडे, सदस्यगण नलिनी मुरकुटे, माहेश्वरी सूर्यवंशी ,छाया मदने, वैशाली शहारे ,रेखा गभणे, किरण मानापुरे ,सुमन मंदुरकर ,रजनी चौधरी, प्रिती चुंने ,निर्मला दुर्गे, शामलता नाकाडे ,महादने, संध्या मते, उत्तरा झोले, भारती भेंडारकर उपस्थित थी तथा पुष्पा चांदेवार की नियुक्ति की गई।

क्या आप परेशान हैं?



शादी से पहले, शादी के बाद की कमजोरी
उम्र की अधिकता से सेक्स में कमजोरी
नि:संतान, स्वप्नदोष, इंद्रिय का छोटापन
टेढ़ापन, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी
आदि समस्याओं के ईलाज के लिए...
डॉ.सुशील गेडाम
बी.ए.एम.एस., एस.एच.सी.
धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
शॉप नं.31, राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, पाल चौक, गोंदिया
हर रविवार
सुबह 11 से 4 बजे
संपर्क क्र.: 7879453857, 8964889608

आवश्यकता है

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...
बुलंद गोंदिया कार्यालय
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।